

लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

**LOK SABHA SECRETARIAT IS READY TO WELCOME MEMBERS OF THE 18TH BLOK SABHA/लोक सभा सचिवालय 18वीं लोक सभा के सदस्यों का स्वागत करने के लिए तैयार है**

**…**

**EXTENSIVE ARRANGEMENTS WILL BE IN PLACE FOR SEAMLESS REGISTRATION OF MEMBERS OF THE 18TH LOK SABHA/18वीं लोकसभा के सदस्यों के निर्बाध पंजीकरण के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है**

**…**

**SECRETARY-GENERAL, LOK SABHA CONDUCTS INSPECTION OF PREPARATIONS/लोक सभा के महासचिव ने इस संबंध में की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया**

**…**

**REGISTRATION PROCESS FOR MEMBERS OF THE 18TH LOK SABHA WILL BE COMPLETELY PAPERLESS AND TECH DRIVEN/18वीं लोक सभा के सदस्यों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया पूरी तरह से पेपरलेस और तकनीकी पर आधारित होगी**

**…**

**DIGITAL REGISTRATION DESKS TO BE SET UP FOR REGISTRATION OF MEMBERS/सदस्यों के पंजीकरण के लिए डिजिटल पंजीकरण डेस्क उपलब्ध कराए गए हैं**

**…**

**GUIDE POSTS HAVE BEEN SET UP AT AIRPORTS AND RAILWAY STATIONS/एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों पर गाइड पोस्ट स्थापित किए गए हैं**

…

**TRANSIT ACCOMMODATION TO BE PROVIDED TO MEMBERS IN WESTERN COURT ANNEXE/HOSTEL OR STATE/UT BHAWANS/GUEST HOUSES/सदस्यों को वेस्टर्न कोर्ट एनेक्सी/हॉस्टल अथवा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के भवनों/अतिथि गृहों में अस्थायी आवास सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी**

…

**SOFTWARE BASED COMPUTERIZED SYSTEM HAS BEEN DESIGNED FOR ALLOTMENT OF TRANSIT ACCOMMODATION TO MEMBERS/सदस्यों को अस्थायी आवास आवंटित करने के लिए सॉफ्टवेयर आधारित कम्प्यूटरीकृत प्रणाली तैयार की गई है**

…

**CGHS MEDICAL POSTS WILL FUNCTION ON 24X7 BASIS FOR THE MEMBERS/सदस्यों के लिए सीजीएचएस चिकित्सा पोस्ट चौबीस घंटे काम करेंगी**

…

**New Delhi; 31 May, 2024:** Lok Sabha Secretariat is ready to welcome Members of the Eighteen Lok Sabha. Several measures have been taken to welcome the Members and ensure their seamless registration. Secretary – General, Lok Sabha, Shri Utpal Kumar Singh, conducted an inspection of the preparations today and is monitoring the arrangements on day to day basis.

Seamless and paperless registration process

With a view to reducing the paper work and making the registration formalities of Members seamless, the registration process of the newly elected Members shall be done through an online integrated software application. Members would not be required to sign multiple physical forms with various branches. This would save a substantial amount of time of Members. The integrated software application not

only captures bio profile data of Hon’ble MP but also includes solution for issuance of Parliament Identity Card based on Facial and Biometric Capturing and solution for issuance of CGHS card to Members & Spouses.

With a view to minimize complications arising out of the multi-desks approach of the past, all formalities relating to the registration, nominations, transit accommodation and a host of other matters are proposed to be got completed with minimum movement of Members.

The Secretariat has made arrangements from 2 p.m. on 04.06.2024 and the process will remain operational from 8 am to 8 pm on 5th to 14th June, 2024 including on Saturdays and Sundays. Earlier, the registration of newly elected Members used to take place in the old Parliament House building (now Samvidhan Sadan). This time, the Secretariat has made such arrangements in the Parliament House Annexe.

As many as 20 digital registration counters with as many computers, 10 each in Banquet Hall and Private Dining Room (PDR), have been set up in the Parliament House Annexe. These counters have been set up for end-to-end registration process. Each counter has been equipped with desktop with double sided screen, printer cum scanner, biometric, and a tab for getting signature. There are separate counters for clicking photographs and for facial recognition. Additionally, arrangements have also been made for simultaneous opening of SBI bank account, issuing of permanent Identity Card, Central Government Health Scheme Card to the newly elected Members on the spot.

While welcoming the Members, the Secretariat will provide each Member with a set of publications relating to the Constitution of India, Rules, Directions and some other useful publications in hard copies. Besides, a few other publications will be provided to Members in soft version.

A waiting area has been provided for family members and guests of the MPs at the Banquet Hall in the Extension to Parliament House Annexe. In case of more number of guests arriving, the spillover will be seated in a nearby Committee Rooms.

A total 70 Officers/Officials have been trained to man the registration Counter in shifts. The Liaison Officers (Los) have also been imparted training to make data entry through the Tabs while the MPs are waiting in the designated waiting area

(Banquet Hall in EPHA building).The intent is to minimize the registration time for Hon'ble MPs while they are in Parliament Complex for the purpose of registration.

Videos on Foundation stone laying ceremony of Parliament Building, Inauguration of Parliament Building, Multimedia Devices, have been kept ready for playing in Banquet Hall, Committee Room 1 & 2 EPHA for the Members.

A team has been assigned the task to keep close tab on Election Commission website on the day of declaration of results and to enter the contact details of successful candidates in near real time. The team using a software application would be able to check whether the successful candidate is a new MP or re-elected MP. The same information would be shared with Liaison Officers (Los) through software application to make further data entry of their tour programs. The dashboard would be available for the stakeholders to get updated information in near real time. An endeavor has been made to deploy LOs from the same region/language to facilitate members and ensure faster communication.

The LOs have been briefed to reach out to the Members, specifically newly elected Members, to sensitize them to bring specific set of documents. Members will also be requested to forward the certain information either through email at "computercentrelss@sansad.nic.in" or in hard copy to Los.

Transit Accommodation

Transit accommodation in the Western Court Annexe/Hostel or State/UT Bhawans/Guest Houses shall be provided to newly elected Members who are not already in possession of Government accommodation in Delhi/New Delhi till they are provided regular accommodation by the House Committee, Lok Sabha.

In a progressive stride from past practices, a software based computerized system for the allotment of Transit Accommodation to Members of the 18th Lok Sabha in the Western Court Annexe/Hostel or State/UT Bhawans/Guest Houses has been implemented.

Accommodation desks have been set up at Parliament House Complex to allot/change transit accommodation to the newly elected Members. The services of the accommodation desk will be available 24X7.

Guideposts

Guideposts have been set up at all the three domestic terminals at IGI Airport and Railway Stations at Delhi, New Delhi, Nizamuddin and Anand Vihar (from 04.06.2024 to 09.06.2024 - tentative) to receive elected Members of 18th Lok Sabha and to render them necessary help/services that they may require.

The Guideposts at Airports/Railway Station(s) will function on 04.06.2024 (06.00 P.M. to 11.00 P. M.) (one shift) and from 05.06.2024 to 09.06.2024 (from 05.00 A.M. to 02.00 P.M. and 02.00 P.M. to 11.00 P.M. (in two shifts). The Officers/staff of Lok Sabha Secretariat have been deployed to perform duties at Guideposts at Airport and Railway Station(s).

Transport facilities will also be available at Airports/Railway Station(s) for ferrying Members to Parliament House Complex/State Bhawan/Guest House(s) as the case may be.

Medical Arrangements

CGHS Medical Posts will function on 24X7 basis in North Avenue & South Avenue and near Western Court Annexe/Hostel at Telegraph lane to extend Medical facilities to the Members. In addition, Ambulance services will also be available 24X7. In case of any medical emergency/sudden illness of Member(s), the nearby hospitals have also been sensitized.

**नई दिल्ली; 31 मई, 2024:** लोक सभा सचिवालय अठारहवीं लोक सभा के सदस्यों का स्वागत करने के लिए तैयार है। सदस्यों के स्वागत और उनके निर्बाध पंजीकरण को सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह ने आज इस संबंध में की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। वह महासचिव हर दिन व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं।

निर्बाध और पेपरलेस पंजीकरण प्रक्रिया

कागजी कार्यवाही को कम करने और सदस्यों के पंजीकरण की औपचारिकताओं को सुगम बनाने के उद्देश्य से, नव-निर्वाचित सदस्यों का पंजीकरण ऑनलाइन एकीकृत सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के माध्यम से किया जाएगा । सदस्यों को विभिन्न शाखाओं में निर्धारित कागजात पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे सदस्यों का काफी समय

बचेगा। एकीकृत सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन में न केवल माननीय सांसद के बायो प्रोफाइल डेटा की प्रविष्टि की जाएगी, बल्कि इसमें प्रविष्ट की गई फेशियल और बायोमेट्रिक जानकारी के आधार पर पहचान पत्र जारी करने के साथ ही लोक सभा सदस्यों और उनकी पत्नी/पति को सीजीएचएस कार्ड जारी किए जाने की व्यवस्था भी की गई  है।

कई जगह पर जानकारी उपलब्ध कराने की जटिलता को दूर करते हुए इस बार  सदस्यों की सुविधा और सुगमता के लिए पंजीकरण, नामांकन, अस्थायी आवास और कई अन्य मामलों से संबंधित सभी औपचारिकताओं को कम से कम समय में  पूरा करने का प्रस्ताव है।

सचिवालय ने 04.06.2024 को दोपहर 2 बजे से पंजीकरण शुरू करने की व्यवस्था की है और यह प्रक्रिया 5 से 14 जून, 2024 को सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक चालू रहेगी, जिसमें शनिवार और रविवार भी शामिल हैं। इससे पहले, नवनिर्वाचित सदस्यों का पंजीकरण संसद के  पुराने भवन (अब संविधान सदन) में होता था। इस बार, सचिवालय ने संसदीय सौध में यह व्यवस्था की है।

संसदीय सौध में बैंक्वेट हॉल और प्राइवेट डाइनिंग रूम (पीडीआर) में 10-10 कंप्यूटरों के साथ कुल 20 डिजिटल पंजीकरण काउंटर स्थापित किए गए हैं। ये काउंटर एंड-टू-एंड पंजीकरण प्रक्रिया के लिए स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक काउंटर पर डबल साइडेड स्क्रीन वाला डेस्कटॉप, प्रिंटर कम स्कैनर, बायोमेट्रिक और हस्ताक्षर प्राप्त करने के लिए एक टैब लगा हुआ है। फोटो खींचने और फेशियल रिकोगनिशन के लिए अलग-अलग काउंटर हैं। इसके अतिरिक्त, नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए एसबीआई बैंक खाता खोलने, स्थायी पहचान पत्र, केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना कार्ड जारी करने की व्यवस्था भी की गई है।

सदस्यों का स्वागत करते हुए सचिवालय प्रत्येक सदस्य को भारत के संविधान, नियम, निर्देश तथा कुछ अन्य उपयोगी प्रकाशनों की प्रतियाँ उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा, कुछ अन्य प्रकाशन सदस्यों को सॉफ्ट वर्जन में उपलब्ध कराए जाएंगे।

संसदीय सौध एक्सटेंशन के बैंक्वेट हॉल में सांसदों के परिवार के सदस्यों तथा अतिथियों के लिए प्रतीक्षा क्षेत्र उपलब्ध कराया गया है। अधिक संख्या में अतिथियों के आने की स्थिति में, उन्हें पास के समिति कक्ष में बैठाया जाएगा।

पंजीकरण काउंटर पर तैनाती के लिए कुल 70 अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है जो शिफ्ट में काम करेंगे। निर्दिष्ट प्रतीक्षा क्षेत्र (ईपीएचए भवन में बैंक्वेट हॉल) में प्रतीक्षा कर रहे सांसदों की सुविधा के लिए संपर्क अधिकारियों (एलओ) को टैब के माध्यम से डेटा प्रविष्टि करने का प्रशिक्षण दिया गया है। यह व्यवस्था संसद परिसर में आए माननीय सांसदों का पंजीकरण कम से कम समय में करने के उद्देश्य से की गई है।

संसद भवन के शिलान्यास समारोह, संसद भवन के उद्घाटन, मल्टीमीडिया उपकरणों से संबंधित वीडियो, ईपीएचए के बैंक्वेट हॉल और समिति कक्ष 1 और 2 में चलाने के लिए तैयार रखे गए हैं।

परिणामों की घोषणा के दिन चुनाव आयोग की वेबसाइट पर नजर रखने और सफल उम्मीदवारों के संपर्क विवरण तुरंत दर्ज करने के लिए एक टीम गठित की गई है। सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन का उपयोग करने वाली टीम यह जांच सकेगी कि सफल उम्मीदवार नया सांसद है या फिर पुनःनिर्वाचित सांसद है। यह जानकारी सदस्यों के दिल्ली आगमन के कार्यक्रम की प्रविष्टि करने के लिए सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के माध्यम से संपर्क अधिकारियों (एलओ) के साथ साझा की जाएगी। अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए डैशबोर्ड उपलब्ध होगा। सदस्यों की सुविधा के लिए और शीघ्र जानकारी प्राप्त करने के लिए संबंधित क्षेत्र/भाषा जानने वाले संपर्क अधिकारियों को तैनात करने का प्रयास किया गया है।

संपर्क अधिकारियों को सदस्यों, विशेष रूप से नवनिर्वाचित सदस्यों से शीघ्र संपर्क करने के लिए कहा गया है, ताकि वे उन्हें आवश्यक दस्तावेजों लाने के बारे में जानकारी उपलब्ध करा सके। सदस्यों से यह भी अनुरोध किया जाएगा कि वे कुछ जानकारी या तो

“computercentrelss@sansad.nic.in” पर ईमेल के माध्यम से या हार्ड कॉपी में लोक सभा को भेजें।

अस्थायी आवास

जिन नवनिर्वाचित सदस्यों के पास दिल्ली/नई दिल्ली में पहले से सरकारी आवास नहीं है, उन्हें वेस्टर्न कोर्ट एनेक्सी/हॉस्टल या राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के भवनों/अतिथि गृहों में तब तक अस्थायी आवास प्रदान किया जाएगा, जब तक कि उन्हें लोक सभा की हाउस कमेटी द्वारा नियमित आवास प्रदान नहीं किया जाता।

18वीं लोक सभा के सदस्यों को वेस्टर्न कोर्ट एनेक्सी/हॉस्टल या राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के भवनों/अतिथि गृहों में अस्थायी आवास के आवंटन के लिए इस बार सॉफ्टवेयर आधारित कम्प्यूटरीकृत प्रणाली लागू की गई है।

नवनिर्वाचित सदस्यों को अस्थायी आवास आवंटित करने/इसमें बदलाव करने के लिए संसद भवन परिसर में आवास डेस्क स्थापित किए गए हैं। आवास डेस्क की सेवाएं 24X7 उपलब्ध रहेंगी।

मार्गदर्शक पोस्ट

18वीं लोक सभा के निर्वाचित सदस्यों के स्वागत के लिए और उन्हें आवश्यक सहायता/सेवाएं प्रदान करने के लिए आईजीआई हवाई अड्डे के तीनों टर्मिनलों और दिल्ली, नई दिल्ली, निजामुद्दीन और आनंद विहार रेलवे स्टेशनों पर (04.06.2024 से 09.06.2024 तक-संभावित) पर मार्गदर्शक पोस्ट स्थापित किए गए हैं।

हवाई अड्डों/रेलवे स्टेशनों पर गाइडपोस्ट 04.06.2024 (शाम 06.00 बजे से रात 11.00 बजे तक) (एक शिफ्ट) और 05.06.2024 से 09.06.2024 (सुबह 05.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक और दोपहर 02.00 बजे से रात 11.00 बजे तक (दो शिफ्टों में) काम करेंगे। हवाई अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर गाइडपोस्ट पर ड्यूटी करने के लिए लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों/कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

सदस्यों को संसद भवन परिसर/राज्य भवन/अतिथि गृहों तक ले जाने के लिए हवाई अड्डों/रेलवे स्टेशनों पर परिवहन सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

चिकित्सा व्यवस्था

सदस्यों को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सीजीएचएस चिकित्सा पोस्ट नॉर्थ एवेन्यू और साउथ एवेन्यू में और टेलीग्राफ लेन में वेस्टर्न कोर्ट एनेक्सी/हॉस्टल के पास 24X7 आधार पर काम करेंगी। इसके अलावा, एम्बुलेंस सेवाएं भी 24X7 उपलब्ध रहेंगी। किसी भी चिकित्सा आपातस्थिति/अचानक बीमार होने की स्थिति में, सदस्यों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए नजदीकी अस्पतालों को भी सूचित कर दिया गया है।